GSTHR **BRIEFING PAPERS**

# सिगरेट की बिक्री आधी हुई: गर्म तम्बाकू उत्पाद और जापान का अनुभव

## परिचय

अधिकांश उच्च आय वाले देशों की तरह जापान में भी धूम्रपान की दर पिछले कुछ दशकों में गिरी है, लेकिन गर्म तम्बाकू उत्पादों (Heated tobacco products - HTP) के आने और अनुकूल क़ानूनों ने इस गिरावट को तेज कर दिया है। पिछले 10 सालों में, जापान के लाखों वयस्क धूम्रपान करने वालों ने HTP का उपयोग करना शुरू कर दिया जिससे वैश्विक स्तर पर सिगरेट की बिक्री में 52% की अभूतपूर्व गिरावट आई। यह ब्रीफिंग पेपर इसी तेज परिवर्तन के पीछे की कहानी की पड़ताल करता है।

## जापान में तम्बाकू के उपयोग का इतिहास क्या है?

आमतौर पर माना जाता है कि तम्बाकू 16वीं सदी के अंत तक जापान पहुंची थी। तम्बाकू का धूम्रपान करने की पारंपरिक विधि में किसेरू का उपयोग किया जाता था। किसेरु में एक लंबी, पतली पाइप में बारीक कटी हुई, बाल जितनी पतली तम्बाकू डाली जाती थी। 19वीं सदी के उत्तरार्द्ध में देश में सिगरेट आई और तेजी से लोकप्रिय हो गई।

जापान में धूम्रपान पर एक वार्षिक, क्रॉस-सेक्शनल राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण से पता चलता है कि पुरुषों में धूम्रपान की दर 1970 में चरम पर थी जब 20-29 वर्ष की आयु के 79% लोग धूम्रपान करते थे।[i] महिलाओं में उच्चतम दर 2000 में आई थी जब 20-29 वर्ष की 23% महिलाएं धूम्रपान करती थीं।

## गर्म तम्बाकू उत्पाद क्या हैं?

जब एक आम सिगरेट जलाकर धूम्रपान किया जाता है तो तम्बाकू 800°C से ऊपर के तापमान पर जलती है। तम्बाकू के जलने से निकोटीन और हानिकारक रसायनों का एक मिश्रण धुएं में निकलता है जिसे सिगरेट पीने वाला अंदर लेता है।

इसके विपरीत, गर्म तम्बाकू उत्पाद बैटरी से चलने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण होते हैं जो तम्बाकू की डंडियों को 350°C से ज़्यादा ऊँचे तापमान तक गर्म नहीं करते। तम्बाकू को इस स्तर तक गर्म करने से उपयोगकर्ता निकोटीन को साँस से अंदर लेता है लेकिन इसमें तम्बाकू नहीं जलती है। इस कारण से निकलने वाली वाष्प में जहरीले रसायनों का स्तर सिगरेट के धुएं की तुलना में बहुत कम होता है।

HTP पर एक कोक्रेन समीक्षा में पाया गया कि „इस बात के मध्यम-निश्चित साक्ष्य हैं कि गर्म तंबाकू का सेवन करने वालों में सिगरेट पीने वालों की तुलना में विषाक्त पदार्थों / कार्सिनोजेन्स का जोखिम कम होता है"।[ii] इस व्यवस्थित समीक्षा में केवल यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण शामिल थे, लेकिन चूंकि इनके लिए भुगतान ज्यादातर तंबाकू कंपनियों ने किया था, इसलिए इसके लेखकों ने स्वतंत्र रूप से वित्त पोषित अनुसंधान की आवश्यकता की मांग की थी।

## जापान में गर्म तम्बाकू उत्पाद कब से हैं?

HTP 2014 में तब जापान पहुंचे जब फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल (PMI) ने दो साल बाद इसे पूरे देश में लॉन्च करने से पहले नागोया में अपने IQOS उत्पाद का परीक्षण करने का निर्णय लिया था। IQOS के बाद जल्द ही अन्य उत्पाद भी आने लगे, जिनमें कुछ प्रमुख ब्रांड शामिल थे, जिनमें प्लूम टेक मार्च 2016 में और ब्रिटिश अमेरिकन टोबैको का ग्लो दिसंबर 2016 में देश में आया।[iii]

## किस कारण से जापान गर्म तम्बाकू उत्पादों के लिए एक अच्छा बाज़ार बन गया?

ऐसे कई कारण हैं जिनके कारण जापान ने HTP के निर्माताओं के लिए एक अनूठा अवसर प्रस्तुत किया। HTP आने के बाद कुछ समय से धूम्रपान की दर में लगातार गिरावट तो आ रही थी पर 2016 में 29.7% पुरुष और 9.7% महिलाएं अभी भी धूम्रपान कर रहे थे।[iv] इसका मतलब था कि उपभोक्ताओं का एक ऐसा बड़ा संभावित बाजार था जो धूम्रपान छोड़कर सुरक्षित निकोटीन उत्पाद (SNP) अपना सकते हैं क्योंकि इन उत्पादों से वे तंबाकू के उपयोग से होने वाले नुकसान को कम कर सकेंगे। जापान में निकोटीन वेप्स (ई-सिगरेट) प्रभावी रूप से प्रतिबंधित होने के कारण, HTP के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए कोई अन्य SNP नहीं था। देश ने तम्बाकू-अनुकूल व्यावसायिक वातावरण भी दिया जिसके पीछे आंशिक रूप से यह तथ्य था कि सरकार के पास जापानी टोबैको कंपनियों का एक तिहाई हिस्सा है। असल में तम्बाकू उद्योग पर 1985 तक सरकार का एकाधिकार था और जापान की तम्बाकू नियंत्रण नीतियों को दूसरे उच्च आय वाले देशों की तुलना में कमजोर माना जाता है।[v]

ऐसे कई सामाजिक और सांस्कृतिक कारक भी थे जिनका मतलब था कि HTP देश में सफल साबित हो सकता है। जापानी लोग नई तकनीकों को अपनाने के लिए उत्सुक रहते हैं। वे स्वच्छता के उच्च मानकों को बनाए रखते हुए अपने साथ के दूसरे नागरिकों पर इसके प्रभाव को कम करने की इच्छा से भी प्रेरित होते हैं। इसलिए यह उचित संभावना थी कि वे एक नया इलेक्ट्रॉनिक गैजेट आज़माना चाहेंगे जो जलने वाली सिगरेट से जुड़ा न धुआं, न ही गंध या कोई राख पैदा करता हो।[vi]

## जापान में लोग HTP का उपयोग शुरू करने के अपने निर्णय के बारे में क्या कहते हैं?

फाउंडेशन फॉर ए स्मोक-फ्री वर्ल्ड द्वारा किए गए ग्लोबल स्टेट ऑफ स्मोकिंग पोल 2019 में पाया गया कि जापान के धूम्रपान करने वाले लोगों द्वारा सिगरेट छोड़कर HTP अपनाने का सबसे आम कारण सिगरेट से निकलने वाले सेकेंड हैंड धुएं से दूसरे लोगों को होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में चिंता थी (40%)।[vii] इसके बाद 36% ने कहा कि HTP उनके स्वास्थ्य के लिए सिगरेट जितना बुरा नहीं है और 35% ने कहा कि वे उन जगहों पर HTP का उपयोग कर सकते हैं जहां धूम्रपान की अनुमति नहीं है, जो दोहरे उपयोग का एक और पक्ष है।

सहकर्मी-समीक्षित वैज्ञानिक अनुसंधान ने उन कारणों का भी आकलन किया है जिनके कारण दोनों, वर्तमान और पूर्व में धूम्रपान करने वाले वयस्क गर्म तंबाकू उत्पादों का उपयोग कर रहे हैं। एक अध्ययन में पाया गया कि HTP पर यह विश्वास कि ये स्वयं (90.6%) या दूसरों (86.7%) के लिए कम हानिकारक है, सबसे महत्वपूर्ण कारक था।[viii] इसके बाद व्यक्तिगत आनंद (76.5%) का स्थान आया, जबकि 74.4% ने कहा कि सिगिरेट पीने की तुलना में HTP का उपयोग सामाजिक रूप से अधिक स्वीकार्य था। वर्तमान धूम्रपान करने वालों में 55.1% ने कहा कि उन्होंने HTP का उपयोग इस उम्मीद में किया कि वे उन्हें धूम्रपान छोड़ने में मदद कर सकते हैं।

हालाँकि, स्वतंत्र और उद्योग-प्रायोजित दोनों अध्ययनों से पता चला है कि जापान में अधिकांश HTP उपयोगकर्ता सिगिरेट भी पीते हैं।[ix x] एक अध्ययन से पता चला है कि इन दोहरे उपयोगकर्ताओं में से दो-तिहाई HTP के उपयोग से धूम्रपान करने वाली सिगिरेट की संख्या कम कर पाए।[xi] लेकिन इस समूह में से कई लोगों के लिए पूरी तरह से सिगिरेट छोड़कर HTP अपना लेना उनका अंतिम लक्ष्य नहीं था। इसी अध्ययन में यह पाया गया कि HTP का उपयोग करने वाले 52% लोगों ने बताया कि वे जितनी सिगिरेट पीते थे उनमें से कुछ इसकी जगह HTP का इस्तेमाल करने लगे थे ताकि उन्हें पूरी तरह से धूम्रपान छोड़ना न पड़े। इसलिए, जापान में देखी गई धूम्रपान में कमी में दोहरा उपयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## कितने लोग HTP का उपयोग कर रहे हैं और धूम्रपान की दर कैसे प्रभावित हुई है?

जापान में गर्म तम्बाकू उत्पादों के उपयोग में उल्लेखनीय और बड़ी तेजी से वृद्धि हुई है। फरवरी 2018 तक पूरे देश में उपलब्ध होने के ठीक दो साल बाद, एक अध्ययन में पाया गया कि जापान में 52.3 लाख HTP उपयोगकर्ता थे।[xii] यह आंकड़ा सभी जापानी तंबाकू उपयोगकर्ताओं के हर चार में से एक के बराबर है और इसका मतलब है कि देश में 8.3% पुरुष (42.1 लाख) और 1.9% महिलाएं (10.2 लाख) HTP उपभोक्ता थे। इसकी तुलना में, उस वर्ष 22% पुरुष और 7.5% महिलाएं सिगिरेट पीते थे (2016 में 29.7% पुरुषों और 9.7% महिलाओं से कम)। 2022 तक, HTP उपयोगकर्ताओं की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई, जिसमें 17.9% पुरुष और 6% महिलाएं सुरक्षित निकोटीन उत्पाद का उपयोग कर रही थीं।[xiii]

जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, जापान में धूम्रपान की दर कई वर्षों से गिर रही थी, लेकिन HTP की शुरुआत के बाद इस

गिरावट की गति तेज हो गई। 2016-2019 के बीच सिगरेट की बिक्री में कमी 2011-2015 के बीच की गिरावट से पांच गुना अधिक थी।[xiv]

अन्य शोध से पता चलता है कि 2015-16 और 2017-18 के बीच IQOS, प्लूम और ग्लो का संयुक्त उपयोग 10 गुना बढ़ गया था।[xv] इस शोध में पाया गया कि 2018 तक, HTP का उपयोग वर्तमान में धूम्रपान करने वाले ऐसे हर तीन में से एक व्यक्ति में फैल गया था, जो इसे छोड़ना चाहते थे। यह वर्तमान में धूम्रपान करने वाले हर चार में एक ऐसे व्यक्ति में भी फैल गया था जिनका धूम्रपान छोड़ने का कोई इरादा नहीं था। इससे यह भी पता चला कि उनके द्वारा मूल्यांकन किए गए सभी उप समूहों में HTP का उपयोग नाटकीय रूप से बढ़ गया था, सिवाय उन लोगों के, और बड़ी महत्वपूर्ण बात है उनमें, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया था।

हमारा अपना ग्लोबल स्टेट ऑफ टोबैको हार्म रिडक्शन अनुसंधान, जो बिक्री की मात्राओं की तुलना करता है, सिगरेट और HTP खपत की बदलती प्रकृति पर जोर देता है। फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल और जापान टोबैको द्वारा अपनी वार्षिक और त्रैमासिक रिपोर्ट में जारी किए गए बाजार डेटा के अनुसार व्यक्तिगत सिगरेट की बिक्री लगभग 182.34 अरब यूनिट थी, जब 2015 में गर्म तंबाकू उत्पाद अधिक व्यापक रूप से उपलब्ध होने लगे थे। 2023 तक यह 52% गिरकर सिर्फ 88.10 अरब रह गई थी, मतलब 94.20 अरब यूनिट की गिरावट, जबकि उस वर्ष HTP में उपयोग की जाने वाली तंबाकू की डंडियों की बिक्री 10 वर्षों से कम समय में बढ़कर 72 अरब यूनिट हो गई थी।

## खुदरा इकाइयों में जापानी बाज़ार का आकार




डेटा स्रोत: जेटीआई और पीएमआई वार्षिक और त्रैमासिक आय रिपोर्ट 2014-2023

## जापानी सरकार सुरक्षित निकोटीन उत्पादों को कैसे नियंत्रित करती है?

हालांकि HTP और स्नस दोनों को तंबाकू उद्योग अधिनियम के ढांचे के तहत कानूनी रूप से गैर-औषधीय तंबाकू उत्पादों के रूप में बेचा जा सकता है,[xvi] लेकिन निकोटीन वेप्स और निकोटीन पाउच अलग-अलग विनियमन के अधीन हैं। जापान में ज़हरीले और हानिकारक पदार्थ नियंत्रण अधिनियम के तहत 10% या उससे अधिक की सांद्रता में निकोटीन और इससे बनी चीजों को जहर के रूप में नामित किया गया है।[xvii] यहां तक कि निकोटीन की और कम सांद्रता को भी फार्मास्युटिकल और मेडिकल डिवाइस अधिनियम के तहत विनियमित किया जाता है और वेपिंग डिवाइस खुद उसी अधिनियम के अधीन आती हैं।[xviii] इसका मतलब है कि उन्हें बनाने और बेचने से पहले अनुमोदन की आवश्यकता होती है, लेकिन आज तक, जापान में बिक्री के लिए किसी भी निकोटीन तरल पदार्थ या वेपिंग उपकरण को मंजूरी नहीं दी गई है।

चूंकि वेप्स और निकोटीन पाउच दोनों में निकोटीन होता है लेकिन तंबाकू की पत्तियां नहीं होती हैं, इसलिए उन्हें फार्मास्युटिकल

उत्पादों के रूप में माना जाता है। यदि उनमें तम्बाकू होता तो वे तम्बाकू उद्योग अधिनियम के अंतर्गत आते और उन्हें कानूनी रूप से गैर-औषधीय तम्बाकू उत्पादों के रूप में बेचा जा सकता था। इस विनियामक विचित्रता के कारण निर्माताओं ने निकोटीन पाउच में तम्बाकू की पत्ती जोड़ दी है, सिर्फ इसलिए क्योंकि यह इसे फार्मास्युटिकल अनुमोदन लेने की जरूरत के बिना जापानी बाजार में लाने का एक तरीका है।[xix]

जापान में HTP को आम तौर पर ज्वलनशील सिगरेट के समान ही विनियमित किया जाता है, हालांकि सरकार के कामों में HTP के प्रति ज़्यादा अच्छा व्यवहार करने की प्रवृत्ति दिखती रही है। इनमें से कोई भी उत्पाद 20 वर्ष से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को नहीं बेचा जा सकता है, लेकिन उनका उपयोग कहाँ किया जा सकता है, इसे नियंत्रित करने वाले कानूनों में कुछ महत्वपूर्ण अंतर हैं। 2019 से, स्वास्थ्य संवर्धन कानून में किए गए संशोधनों के तहत, सिगरेट और HTP दोनों को अस्पतालों, स्कूलों और सरकारी कार्यालयों में प्रतिबंधित कर दिया गया है।[xx] 2020 से कारखानों, सामान्य कार्यालयों और रेस्तरां में सिगरेट के उपयोग की अनुमति केवल विशेष तंबाकू कमरों में ही दी गई है, जिनका उपयोग सिर्फ धूम्रपान करने वाले धूम्रपान के लिए कर सकते हैं और इनमें और कुछ नहीं किया जा सकता। हालाँकि, HTP उपयोगकर्ता जिन्हें भी इन स्थानों के भीतर निर्दिष्ट कमरों तक ही सीमित होना होता है, वे इन स्थानों में दूसरे काम भी कर सकते हैं, उदाहरण के लिए, खाना और पीना।

दोनों उत्पादों पर टैक्स लगाने के तरीकों में भी अंतर है। 2021 में, सिगरेट पर कुल एक्साइज़ टैक्स HTP के दोगुने से भी ज़्यादा थी, जो गर्म तंबाकू उत्पादों के लिए प्रति पैक 131.03 येन की तुलना में 284.9 येन थी।[xxi] हालाँकि, यह भी बताया जाना चाहिए कि शोध के अनुसार देश में बेचे जाने वाले 85% HTP की कीमत प्रीमियम ब्रांड सिगरेट के समान स्तर पर थी। एक सर्वेक्षण में पाया गया कि वर्तमान या पूर्व धूम्रपान करने वाले, जिन्होंने HTP का उपयोग शुरू कर दिया था, वे पैसे बचाने के लिए ऐसा नहीं कर रहे थे।

राष्ट्रीय कानून के तहत तम्बाकू विज्ञापन पर कोई प्रतिबंध नहीं है। इसका मतलब यह है कि जापान में HTP बनाने वाली कंपनियाँ यह दावा कर सकती हैं कि उनके उत्पाद दहनशील सिगरेट के „कम हानिकारक" विकल्प हैं। लेकिन कानून की कमी के बावजूद, उद्योग खुद स्व-नियमन के माध्यम से कुछ स्वैच्छिक सीमाएँ लगाता है, उदाहरण के लिए कंपनियों का अपनी मार्केटिंग को केवल वयस्कों को आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहित करना। इसलिए, जहाँ उन्हें टीवी, रेडियो, इंटरनेट, समाचार पत्रों या पत्रिकाओं जैसे ‚अत्यधिक सार्वजनिक स्थानों' पर प्रचार करने से बचना चाहिए, वे अपने उत्पादों का विज्ञापन पोस्टरों, बिलबोर्ड या ऐसी इमारतों पर कर सकती हैं जहां तंबाकू खरीदी जा सकती है।[xxii]

## निष्कर्ष

जापान में सिगरेट की बिक्री को 52% तक कम करने में HTP की सफलता दुनिया भर में धूम्रपान करने वालों की संख्या को कम करने की SNP की क्षमता के बारे में एक मूल्यवान अंतर्दृष्टि देती है। कुछ सामाजिक और सांस्कृतिक कारक जरूर हैं जो जापान को HTP के लिए विशिष्ट रूप से अनुकूल बनाते हैं, जैसे नई तकनीक के लिए खुलापन और किसी व्यक्ति के दूसरों पर प्रभाव को सीमित करने की इच्छा, लेकिन यह परिवर्तन स्वास्थ्य के बारे में उपभोक्ताओं की चिंताओं से काफी हद तक प्रेरित है वह उनका अपना या दूसरों का हो सकता है।

जापान की स्थिति दर्शाती है कि यदि SNP को व्यापक रूप से उपलब्ध कराया जाता है और इसे वयस्क धूम्रपान करने वालों को धूम्रपान के एक सुरक्षित विकल्प के रूप में प्रचारित करने की अनुमति दी जाती है, तो कई धूम्रपान करने वाले धूम्रपान छोड़कर दूसरे विकल्पों को अपनाएंगे, या दोहरे उपयोग के माध्यम से सिगरेट की खपत को कम कर देंगे जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य को पूरे फायदे मिलते हैं। यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि ब्रिटेन के विपरीत, जिसकी सरकार ने सक्रिय रूप से धूम्रपान बंद करने के उपकरण के रूप में निकोटीन वेप्स के उपयोग का समर्थन किया है, यह तेज और बेजोड़ बदलाव एक ऐसे देश में हुआ है जिसके राजनीतिक नेताओं ने न तो HTP का विरोध किया और न ही उसके पक्ष में मजबूती से सामने आए।

*ग्लोबल स्टेट ऑफ टोबैको हार्म रिडक्शन के काम के बारे में अधिक जानकारी के लिए, या इस जीएसटीएचआर ब्रीफिंग पेपर में उठाए गए बिंदुओं के लिए, कृपया info@gsthr.org पर संपर्क करें।*

*हमारे बारे में: नॉलेज·एक्शन·चेंज (K•A•C) नुकसान में कमी को मानवाधिकारों पर आधारित एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य रणनीति के रूप में बढ़ावा देती है। टीम के पास नशीली दवाओं के उपयोग, एचआईवी, धूम्रपान, यौन स्वास्थ्य और जेलों में नुकसान कम करने के काम का चालीस वर्षों से अधिक का अनुभव है। K•A•C ग्लोबल स्टेट ऑफ टोबैको हार्म रिडक्शन (GSTHR) चलाती है जो दुनिया भर के 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों में तंबाकू से नुकसान में कमी के विकास और सुरक्षित निकोटीन उत्पादों के उपयोग, उपलब्धता और नियामक प्रतिक्रियाओं के साथ-साथ धूम्रपान के प्रचलन और संबंधित मृत्यु दर को दर्शाता है। सभी प्रकाशनों और लाइव डेटा के लिए, https://gsthr.org पर जाएं*

*हमारी फंडिंग: जीएसटीएचआर परियोजना फाउंडेशन फॉर ए स्मोक फ्री वर्ल्ड, ।एक स्वतंत्र, अमेरिकी गैर-लाभकारी 501(सी)(3), स्वतंत्र वैश्विक संगठन, के अनुदान की मदद से तैयार की गई है। परियोजना और उसके आउटपुट, अनुदान समझौते की शर्तों के तहत, संपादकीय रूप से फाउंडेशन से स्वतंत्र हैं।*


i Funatogawa, I., Funatogawa, T., & Yano, E. (2013). Trends in smoking and lung cancer mortality in Japan, by birth cohort, 1949–2010. *Bulletin of the World Health Organization*, 91(5), 332–340. https://doi.org/10.2471/BLT.12.108092, पृ. 1949–2010.

ii Tattan-Birch, H., Hartmann-Boyce, J., Kock, L., Simonavicius, E., Brose, L., Jackson, S., Shahab, L., & Brown, J. (2022). Heated tobacco products for smoking cessation and reducing smoking prevalence. *The Cochrane Database of Systematic Reviews, 1, CD013790.* https://doi.org/10.1002/14651858.CD013790.pub2.

iii Xu, S. S., Meng, G., Yan, M., Gravely, S., Quah, A. C. K., Ouimet, J., O'Connor, R. J., Sutanto, E., Yoshimi, I., Mochizuki, Y., Tabuchi, T., & Fong, G. T. (2020). Reasons for Regularly Using Heated Tobacco Products among Adult Current and Former Smokers in Japan: Finding from 2018 ITC Japan Survey. *International Journal of Environmental Research and Public Health*, 17(21), 8030. https://doi.org/10.3390/ijerph17218030.

iv Japan Tobacco Inc. JT's Annual Survey Finds 19.3 % of Japanese Adults Are Smokers. Available online: https://www.jt.com/media/news/2016/pdf/20160728_E02.pdf (accessed on 16 September 2020).

v Xu, Meng, Yan, Gravely, Quah, Ouimet, O'Connor, Sutanto, Yoshimi, Mochizuki, Tabuchi, & Fong, 2020.

vi *The story of THS in Japan, an interview with Tomoko Iida.* (2022, अक्टूबर 24). PMI Science. https://www.pmiscience.com/content/pmiscience/language-master/en/news-events/scientific-update-magazine/the-story-of-ths-in-japan--an-interview-with-tomoko-iida-.html.

vii Key Takeaways from the 2019 Global Poll, Individual Country Reports—Japan. (2019). *Foundation for a Smoke-Free World.* https://www.smokefreeworld.org/global-state-of-smoking-poll-2019/individual-country-reports-japan/.

viii Xu, Meng, Yan, Gravely, Quah, Ouimet, O'Connor, Sutanto, Yoshimi, Mochizuki, Tabuchi, & Fong, 2020.

ix Kubota, T., Minami, N., Kimura, Y., & Kakehi, A. (2019). *Use behaviour patterns in Japanese novel tobacco vapour product (NTV) users.* CORESTA. https://www.coresta.org/abstracts/use-behaviour-patterns-japanese-novel-tobacco-vapour-product-ntv-users-32852.html.

x Sutanto, E., Miller, C., Smith, D. M., O'Connor, R. J., Quah, A. C. K., Cummings, K. M., Xu, S., Fong, G. T., Hyland, A., Ouimet, J., Yoshimi, I., Mochizuki, Y., Tabuchi, T., & Goniewicz, M. L. (2019). Prevalence, Use Behaviors, and Preferences among Users of Heated Tobacco Products: Findings from the 2018 ITC Japan Survey. *International Journal of Environmental Research and Public Health, 16*(23), 4630. https://doi.org/10.3390/ijerph16234630.

xi Xu, Meng, Yan, Gravely, Quah, Ouimet, O'Connor, Sutanto, Yoshimi, Mochizuki, Tabuchi, & Fong, 2020.

xii Kinjo, A., Kuwabara, Y., Fujii, M., Imamoto, A., Osaki, Y., Minobe, R., Maezato, H., Nakayama, H., Takimura, T., & Higuchi, S. (2020). Heated Tobacco Product Smokers in Japan Identified by a Population-Based Survey. *Journal of Epidemiology, 30*(12), 547–555. https://doi.org/10.2188/jea.JE20190199.

xiii Odani, S., & Tabuchi, T. (2022). Prevalence and denial of current tobacco product use: Combustible and heated tobacco products, Japan, 2022. *Preventive Medicine Reports, 30*, 102031. https://doi.org/10.1016/j.pmedr.2022.102031.

xiv Cummings, K. M., Nahhas, G. J., & Sweanor, D. T. (2020). What Is Accounting for the Rapid Decline in Cigarette Sales in Japan? *International Journal of Environmental Research and Public Health, 17*(10), 3570. https://doi.org/10.3390/ijerph17103570.

xv Hori, A., Tabuchi, T., & Kunugita, N. (2023). The spread of heated tobacco product (HTP) use across various subgroups during 2015–16 and 2017–18 in Japan. *Environmental Health and Preventive Medicine, 28,* 5. https://doi.org/10.1265/ehpm.22-00219.

xvi Act No. 68 of 1984. Tobacco Business Act. https://elaws.e-gov.go.jp/document?lawid=359AC0000000068

xvii *Poisonous and Deleterious Substances Control Act—Japanese/English—Japanese Law Translation.* (1950). https://www.japaneselawtranslation.go.jp/en/laws/view/3387.

xviii *Act on Securing Quality, Efficacy and Safety of Products Including Pharmaceuticals and Medical Devices—Japanese/English—Japanese Law Translation.* (1960). https://www.japaneselawtranslation.go.jp/en/laws/view/3213.

xix TobaccoIntelligence. (2021, जुलाई 14). Japanese health ministry denies plan to widen access to tobacco-free pouches. *TobaccoIntelligence.* https://tobaccointelligence.com/japanese-health-ministry-denies-plan-to-widen-access-to-tobacco-free-pouches/.

xx Outline of the Act on the Partial Revision of the Health Promotion Act (No. 78 of 2018). https://www.mhlw.go.jp/english/policy/health-medical/health/dl/201904kenko.pdf

xxi State of Smoking in Japan. (2023, जुलाई 28). *Foundation for a Smoke-Free World.* https://www.smokefreeworld.org/health-science-research-2/health-science-technology-agenda/data-analytics/global-state-of-smoking-landscape/state-smoking-japan/.

xxii Craig, L. V., Yoshimi, I., Fong, G. T., Meng, G., Yan, M., Mochizuki, Y., Tabuchi, T., Thrasher, J. F., Xu, S. S., Quah, A. C. K., Ouimet, J., Sansone, G., & Chung-Hall, J. (2020). Awareness of Marketing of Heated Tobacco Products and Cigarettes and Support for Tobacco Marketing Restrictions in Japan: Findings from the 2018 International Tobacco Control (ITC) Japan Survey. *International Journal of Environmental Research and Public Health,* 17(22), 8418. https://doi.org/10.3390/ijerph17228418.